भा.कृ.अनु.प.- केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान
हिसार - 125 001 (हरियाणा)
ICAR- Central Institute for Research on Buffaloes
Hisar- 125 001 (Haryana)

संदर्भ सं./ Ref. No. PS/Hs./2020/ दिनांक/ Dated : 26/8/2025

सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 के अवसर पर निदेशक, केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान का संदेश

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार, सतर्कता जागरूकता सप्ताह हर वर्ष सरदार वल्लभाई पटेल के जन्म दिवस (31 अक्टूबर) के दौरान मनाया जाता है । आयोग ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष केन्द्रीय सतर्कता जागरूकता अभियान 18 अगस्त, 2025 से 17 नवम्बर, 2025 तक मनाया जाएगा ।

सतर्कता जागरूकता अभियान का पालन सतर्कता निवारक के प्राथमिक उपायों में से एक है, जिसमें जागरूकता पैदा करने और पब्लिक गवर्नेंस में ईमानदारी बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों और हितधारकों की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने पर विशेष बल दिया जाता है । आयोग ने निर्णय लिया है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2025 निम्न मूल कथ्य पर दिनांक 27 अक्तूबर 2025 से 2 नवंबर 2025 तक मनाया जाएगा :

"सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी"
"Vigilance: Our Shared Responsibility"

इस वर्ष आयोग ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की प्रस्तावना के रूप में तीन महीने का अभियान (18 अगस्त, 2025 - 17 नवम्बर, 2025) शुरू किया है जिसमें पांच अलग अलग सतर्कता निवारक उपायों/ गतिविधियों (i) लंबित शिकायतों का निपटान (ii) लंबित मामलों का निपटान (iii) क्षमता निर्माण कार्यक्रम (iv) परिसंपत्ति प्रबंधन (v) डिजिटल पहल को फोकस वाले क्षेत्रों के रूप में अपनाने का सुझाव प्रस्तुत किया है ।

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश की अनुपालना में हम इस वर्ष राष्ट्र निर्माण के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति प्रति छात्रों को जागरूक करने, सतर्कता जागरूकता की शपथ दिलाने, नैतिकता और सतर्कता पर कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर देंगें । सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अवसर पर मैं चाहता हूं कि सभी कर्मचारी विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेकर, समय पर उचित कार्रवाई करते हुए संस्थान को धन के दुरूपयोग/धोखाधड़ी/भ्रष्टाचार से मुक्त रखने के लिए सतर्कता निवारक उपाय करें ।

केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान, हिसार व नाभा को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाने के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं देता हूं ।

यशपाल
यशपाल
निदेशक

Tel. : 01662-281601, 281611 (O) Fax : 01662-275004
E-mail:director.cirb@icar.gov.in Website : www.cirb.icar.gov.in